तापमान
अधिकतम 34 .0 डिग्री
न्यूनतम 22 .0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शुक्रवार 8 मई 2026

10 नागरिक अस्पताल में आने वालों को नही होगी ..

10 शिकायतों का तय समय सीमा में हो समाधान


## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**जींद।** रोहतक रोड पर एचपी गैस प्लांट के निकट कार की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शर्मा नगर निवासी दीपक (34) रोहतक रोड पर ट्रक बॉडी मेकर का काम करता था। बीती शाम दीपक बाइक पर सवार होकर घर लौट रहा था। एचपी प्लांट के निकट कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमे दीपक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को अंजाम देकर चालक मौके से फरार हो गया।

### युवकों ने हमला कर दो भाइयों को किया घायल

**जींद।** काकडौद के निकट कोचिंग सेंटर से बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे दो भाइयों पर नकाबपोश चार युवकों ने हमला कर घायल कर दिया। उचाना थाना पुलिस ने घायलों के भाई की शिकायत पर अज्ञात युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। दर्जनपुर निवासी दोनों भाई दीपक व जतिन उचाना में कोचिंग की क्लास लगा रहे हैं। बीती शाम दोनों बाइक से घर जा रहे थे। गांव काकडौद के निकट चार नकाबपोश युवकों ने उनकी बाइक को रूकवा लिया और दोनों भाइयों पर हमला कर लिया।

### 5.17 ग्राम हेरोइन सहित दो गिरफ्तार

**जींद।** पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। इसी कड़ी में गढ़ी थाना पुलिस ने 5.17 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) सहित दो नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस दोनों से नशा तस्करी को लेकर पूछताछ कर रही है। गढ़ी थाना प्रभारी मनोज कुमार ने गुरूवार को बताया कि उनकी टीम महिला उपनिरीक्षक मीना देवी के नेतृत्व में अपराध रोकथाम हेतु गांव गढ़ी बस अड्डा के पास मौजूद थी। तभी सूचना मिली कि दो युवक बाइक लेकर पीपलथा से रेवर रोड की तरफ हेरोइन बेचने की फिराक में घूम रहे हैं।

### ज्यादा लोन करवाने का झांसा देकर सवा 24 हजार हड़पे

**जींद।** एक्टिव लोन को बंद करने तथा आगे ज्यादा लोन करने का झांसा देकर एक युवक को साइबर ठगों ने 24 हजार 225 रुपये का चूना लगा दिया। शिकायत के आधार सिविल लाइन थाना पुलिस ने एक युवक के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सैक्टर आठ निवासी रिषभ ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 27 अप्रैल को उसके व्हाट्सअप पर लोन करने वाली कंपनी का मैसेज आया था।

### चोरी का एक वर्ष से फरार चल रहा आरोपित दबोचा

**जींद।** शहर थाना नरवाना पुलिस ने मोटर चोरी मामले में एक साल से फरार चल रहे आरोपित को गिरफ्तार किया है। थाना शहर नरवाना के प्रभारी पूर्णदास ने बताया कि शिकायतकर्ता गांव मोहलखेड़ा निवासी सत्ता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि किसी ने उसके खेत से बिजली मोटर चोरी कर ली है। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। जांच के दौरान आरोपित गांव गढ़ी निवासी नरेश का सामने आया। जिसे पुलिस ने पहले गिरफ्तार कर लिया था।

### जींद : थार में लगाई आग, दो पर मुकदमा

**जींद।** गांव बधाना खेत में जा रहे व्यक्ति की गाड़ी को रूकवा कर उसमें आग लगाने तथा धमकी देने पर अलेवा थाना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव कैलरम निवासी राहुल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने अपने दो जानकारों के साथ गांव बधाना में जमीन खरीदी हुई है। जिसमें वे फसल भी काश्त कर रहे हैं। बधाना निवासी विजय तथा अमित उनका खेत में आने का विरोध कर रहे थे। गत दिवस शाम को अपनी थार गाड़ी से खेत जा रहा था। रास्ते में विजय तथा अमित ने उसकी गाड़ी को रोक लिया।

## वार्डों में गाड़ी न आने के चलते बढ़ रही परेशानी



### सोमवार तक बढ़ाई हड़ताल

**उचाना।** विभिन्न मांगों को लेकर सफाई कर्मचारियों ने चल रही हड़ताल को बढ़ा कर सोमवार तक कर दिया है। कर्मचारियों की प्रमुख मांगे पुरानी पेंशन बहाल करना, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना, ठेकेदारी प्रथा बंद करना, आबादी के आधार पर नियुक्ति आदि मांगे है। 1 मई से शुरू हड़ताल के चलते जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए है। कूड़े के ढेर से वार्ड के लोगों, दुकानदारों, राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि सरकार को चाहिए कि मांगे माने। मांगों को लेकर हड़ताल पर है। सोमवार तक हड़ताल पर वो रहेंगे। इस मौके पर शीला प्रधान, ओमपति देवी, सुरजी मौजूद थी।

### सरकार पर वादाखिलाफी के आरोप

**गुहला-चीका।** नपा कर्मचारी संघ हरियाणा, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर चल रही दो दिवसीय हड़ताल के सातवें दिन भी नपा चीका के पे-रोल सफाई कर्मचारी और डोर-टू-डोर कर्मचारी हड़ताल पर डटे रहे। कर्मचारियों ने सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन किया और मांगों के समाधान तक आंदोलन की चेतावनी दी। अध्यक्षता नपा यूनियन इकाई की वरिष्ठ उपप्रधान चिंतो देवी ने की कर्मचारियों को समर्थन देने के लिए सर्व कर्मचारी संघ के ब्लॉक प्रधान पवन शर्मा, सचिव संदीप सैनी, रिटायर्ड कर्मचारी यूनियन के ब्लॉक प्रधान मामूराम सिरोही आदि पहुंचे थे।

# सड़क किनारे लगे कचरे के ढेर, लोग सोशल मीडिया पर कर रहे फोटो पोस्ट

## नगर परिषद सफाई कर्मचारियों की हड़ताल छठे दिन भी जारी

**प्रशासन भी सफाई करवाने में हो रहा नाकाम साबित**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

नगर परिषद के सफाई कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल छठे दिन भी जारी है। कर्मचारियों की मांगों पर कोई संज्ञान नही लिया गया है। जिसके चलते पूरा शहर कचरे के ढेर में तब्दील हो गया है। सड़कों के किनारे, गलियों और वार्डों में कचरे के ढेर लग गए हैं। जिससे बदबू और स्वास्थ्य जोखिम बढ़ गया है। शहरवासी इस समस्या से बेहद परेशान हैं। कचरा गाडियों का आना पूरी तरह बंद हो गया है। सुबह से शाम तक नजर आते कूड़े के ढेर न केवल दैनिक जीवन को प्रभावित कर रहे हैं बल्कि मक्खी व मच्छरों के पनपने का भी कारण बन गए हैं। खासकर बाजार क्षेत्र, बस स्टैंड के आसपास और आवासीय कालोनियों में स्थिति सबसे खराब बताई जा रही है। नगर परिषद कर्मचारी यूनियन के प्रधान सोहन ने बताया कि बताया कि लंबे समय से लंबित मांगों जैसे वेतन वृद्धि, नियमितीकरण और सुविधाओं को लेकर वे पिछले कई दिनों से प्रशासन को ज्ञापन दे रहे थे लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। हड़ताल के कारण सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। स्थानीय नागरिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर लगातार गंदगी की तस्वीरें और वीडियो पोस्ट कर प्रशासन से तत्काल समाधान की मांग कर रहे हैं। एक स्थानीय निवासी ने कहा कि जब सफाई कार्य ठेके पर दिया हुआ है तो उनसे काम क्यों नही करवाया जा रहा है। प्रशासन भी इस तरफ कोई ध्यान नही दे रहा है।प्रशासन की ओर से सफाई करवाने के प्रयास नाकाम साबित हो रहे हैं। कुछ निजी ठेकेदारों के माध्यम से सीमित सफाई का प्रयास किया जा रहा है लेकिन यह शहर की जरूरत के मुताबिक पर्याप्त नहीं है।



कैथल। हड़ताल के दौरान नारेबाजी करते नपा कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

### सावधानी बरतने की अपील

हड़ताल समाप्त कराने के लिए वार्ता जारी है और जल्द ही कोई सकारात्मक परिणाम निकलने की उम्मीद है। स्वास्थ्य विभाग ने भी चिंता जताते लोगों से कचरा घर में ही रखने और सावधानी बरतने की अपील की है। वार्डों में कचरा न उठने से जलभराव और संक्रमण का खतरा मंडरा रहा है। यदि हड़ताल जल्द समाप्त नहीं हुई तो स्थिति और बिगड़ सकती है। शहरवासी अब प्रशासन से तुरंत हस्तक्षेप और कर्मचारियों की उचित मांगों को मानते हड़ताल खत्म कराने की अपील कर रहे हैं।

### हड़ताल कर सरकार को जमकर कोसा

**कैथल।** नपा कर्मचारी संघ पर नप कैथल के कर्मचारियों ने वीरवार को भी हड़ताल करके नगर परिषद के गेट पर धरना-प्रदर्शन किया। इसकी अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान महेंद्र कुमार बिड़लान ने की संचालन ब्लॉक सचिव विक्की टांक ने किया। हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों को सम्बोधित करते क्लास फोर युनियन के राज्य महासचिव व संघ के राज्य उपप्रधान कपिल सिरोही ,नपा कर्मचारी संघ हयियाणा के राज्य मुख्य संगठन कर्ता व एसकेएस के जिला सचिव शिवचरण, एसकेएस जिला प्रधान ओमपाल भाल, जिला वरिष्ठ उपप्रधान छज्जू राम व नगर पालिका कर्मचारी संघ के जिला प्रधान गौरव ने कहा कि सरकार ने सफाई कर्मियों के साथ भेदभाव की नीति अपनाई जा रही है। नवम्बर 2024 को जींद में महर्षि वाल्मीकि जी के प्रगट दिवस पर मुख्य मन्त्री नायब सैनी, माननीय मंत्री कृष्ण बेदी द्वारा ग्रामीण सफाई कर्मचारी को 26000 और शहरी सफाई कर्मचारी को 27000 वेतन देने की घोषणा की थी परन्तु आज तक कर्मचारियों के वेतन मे बढोतरी नहीं की।

# तीन बहनों के इकलौते भाई की मौत

## तेज रफ्तार कार चालक ने मोटरसाइकिल को मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

कैथल के गांव सुल्तानियां में एक तेज रफ्तार कार चालक द्वारा टक्कर मारे जाने से किशोर की मौत हो गई। मृतक तीन बहनों का इकलौता भाई था। वह घर से दूध लेने गांव गया था, जब वह बाइक से लौट रहा तो रास्ते में हादसा हो गया। मृतक की पहचान शमशेर सिंह के रूप में हुई है। गुहला थाना पुलिस को दी शिकायत में मृतक के पिता गांव सुल्तानियां के कुलवंत राम ने बताया कि वह गांव के बाहर स्थित डेरे में परिवार सहित रहते हैं। उनके पास 3 बेटियां और एक बेटा है। 6 मई को उनका बेटा शमशेर सिंह बाइक से गांव सुल्तानियां में दूध लेने गया था। जब वह दूध लेकर वापस घर लौट रहा था तो इसी दौरान गुहला की तरफ से तेज गति और लापरवाही से आ रही एक कार चालक ने उसकी बाइक को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर के बाद शमशेर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद कार चालक वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया। आसपास के लोगों की मदद से बेटे तुरंत गुहला के सरकारी अस्पताल गुहला पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। गुहला थाना के जांच अधिकारी रामचंद्र ने बताया कि मृतक के पिता की शिकायत पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



# 12 पशुओं की मौत से खफा लोगों ने लगाया जाम

- सदर थाना नरवाना पुलिस ने मौके पर पहुंच खुलवाया जाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

गांव दनौदा कलां हिसार-चंडीगढ नेशनल हाइवे पर तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से 12 भेड़ों की मौत हो गई। भेड़ों की मौत से खफा ग्रामीणों ने जाम लगा दिया। जाम लगने की सूचना पाकर सदर थाना नरवाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और कार्रवाई का आश्वान देकर जाम खुलवाया। जाम के कारण यात्रियों तथा वाहन चालकों को काफी परेशानी का समाना करना पड़ा। गांव दनौदा कलां निवासी मेशा बीती देर शाम अपनी भेड़ व बकरियों को चरा कर घर लौट रहा था। जब वह गांव के हिसार-चंडीगढ़ नेशनल हाइवे बाईपास पर पहुंचा तो तेज रफ्तार ट्रक भेड़ व बकरियों के झुंड में घुस गया। जिसमें 12 भेड़ों की मौत हो गई। जबकि कई भेड़ें घायल हो गई और चरवाहा बाल-बाल बच गया। घटना को अंजाम देकर चालक ट्रक समेत मौके से फरार हो गया। जब चरवाहा के परिजनों तथा ग्रामीणों को घटना का पता चला तो उनका गुस्सा फूट पड़ा। खफा ग्रामीणों ने हिसार-चंडीगढ़ नेशनल हाइवे बाईपास पर जाम लगा दिया। ग्रामीणों ने मांग की कि फरार ट्रक चालक को गिरफ्तार किया जाए और नुकसान की भरपाई करवाई जाए। जाम लगने की सूचना पाकर सदर थाना नरवाना पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम खुलवाया। दनौदा चौकी प्रभारी सुरेश ने बताया कि चरवाहा की शिकायत पर ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। जाम लगाए लोगों को समझा बुझा कर खुलवा दिया गया था।


जींद। मौके पर जाम लगाए हुए चरवाहे। फोटो :हरिभूमि

### एसबीआई क्रेडिट कार्ड अधिकारी बनकर 52 हजार ठगे, मामला दर्ज

**कैथल।** शहर की शिव कॉलोनी निवासी निजी कंपनी के कर्मचारी को एसबीआई क्रेडिट कार्ड अधिकारी बनकर ठग ने कैश वाउचर को नकद में बदलवाने का झांसा दिया। शिकायतकर्ता से आरोपी ने ओटीपी हासिल कर दो क्रेडिट कार्डो से 52 हजार 914 रुपये निकाल लिए। शिकायतकर्ता ने मामले की शिकायत साइबर थाना और राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है। गली नंबर-2, शिव कॉलोनी, देवीगढ़ रोड निवासी श्रवण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह प्राइवेट नौकरी करता है। उसके पास एसबीआई बैंक के दो क्रेडिट कार्ड हैं, जिनमें से एक कार्ड उसकी पत्नी ज्योति के नाम पर है। दोनों कार्डों पर एक ही मोबाइल नंबर पंजीकृत है।

# दादा ने नाबालिग पौती से किया दुष्कर्म, केस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

गढ़ी थाना इलाके के गांव में रिश्ते दादा द्वारा नाबालिग लड़की को नशीली गोलियां खिला कर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोपित ने घटना के बारे में किसी को बताने पर बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। गढ़ी थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। टोहाना इलाके की नाबालिग लड़की ने पुलिस को दी शिकायत में बताया वह दसवीं कक्षा की छात्रा है। गढ़ी थाना इलाका गांव का सुरेंद्र उसका रिश्ते में दादा लगाता है। जो कुत्ते बेचने तथा खरीदने का काम करता है। जो घर आता जाता रहता है। अकसर वह भी दादा के साथ कुत्ते बेचने तथा खरीदने चली जाती थी। गत 24 मार्च को वह दादा के साथ उसके गढ़ी थाना इलाके में चली गई। उस दौरान घर पर कोई नही था। सुरेंद्र ने दो गोलियां खाने को दी और कहा कि सफर में उल्टियां नही लगेंगी। जिसके बाद सो गई। सुबह उठी तो दर्द हो रहा था। लड़की ने आरोप लगाया कि सुरेंद्र ने नशे की गोलियां देकर उसके साथ दुष्कर्म किया है।

# भाकियू ने धरना देकर जताया विरोध

- गेहूं का उठान न होने से खफा दिखे किसान, जमकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कलायत

संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर बृहस्पतिवार को कलायत अनाज मंडी स्थित मार्केट कमेटी कार्यालय के सामने भारतीय किसान यूनियन द्वारा धरना देते प्रदर्शन किया । इसकी अध्यक्षता भाकियू जिला प्रधान गुरनाम सिंह सहारण ने की। उनके नेतृत्व में खरीद की अपडेड ली गई। इस दौरान एजेंसियों द्वारा गेहूं के उठान में देरी का मामला सामने आया। गुरनाम सिंह सहारण ने बताया कि अभी तक प्रदेश में लगभग लगभग 50 प्रतिशत गेहूं का उठान हुआ है। जबकि 8 प्रतिशत गेहूं अभी भी बिना तुलाई के पड़ी है। इससे किसानों को बड़ी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा 48 घंटे के अंदर फसल की पेमेंट के दावे किए गए थे। यह झूठे साबित हुए हैं। जिस गेहूं का उठान हो चुका है उसका भुगतान भी शेष है। बैंक में लाइन लगाकर भी किसानों को उनकी मेहनत की कमाई की रकम नहीं मिल रही। भारतीय किसान यूनियन ने गांव खुराना, शिमला और गांव ढूंडवा की बिजली सप्लाई पूरी करने की मांग की गई। यदि इस समस्या का जल्द हल नहीं किया गया तो भाकियू द्वारा ठोस कदम उठाना मजबूरी होगा। यूनियन ब्लॉक प्रधान जिले सिंह मोर, ब्लॉक महासचिव सुरेंद्र आदि मौजूद रहे।



### साइबर ठगों ने व्यक्ति से 2.45 लाख ठगे, केस दर्ज

**कैथल।** विदेश में रहने वाले भतीजे के नाम पर व्यक्ति से साइबर ठगों ने 2 लाख 45 हजार रुपये की ठगी कर ली। आरोपियों ने फेसबुक मैसेंजर और व्हाट्सएप कॉल के जरिए खुद को बैंक और ट्रैवल एजेंसी का कर्मचारी बताकर पीड़ित को झांसे में लिया। मामले की शिकायत साइबर हेल्पलाइन 1930 और साइबर थाना पुलिस को दी गई है। माता गेट निवासी अमित कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 21 फरवरी 2026 को मैसेंजर पर उसके भतीजे आशु के नाम से संदेश आया। बातचीत के दौरान आरोपी ने कहा कि वह इंग्लैंड से कुछ रुपये भेज रहा है। इसके बाद आरोपी ने उसका आधार कार्ड और मोबाइल नंबर मांगा, जिसे उसने भेज दिया। कुछ देर बाद आरोपी ने मनी ग्राम और वेस्टर्न यूनियन बैंक की करीब 10 लाख 40 हजार 600 रुपये की नकली रसीद भेज दी।

## 62 स्थानों पर लगाए जाएंगे 200 कैमरे, वारदात कर फरार होने वालों को ट्रेस करने में मिलेगी सहायता

# अब कैथल शहर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

जिला पुलिस द्वारा शहर की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। पुलिस विभाग की ओर से कैथल शहर को पूरी तरह सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में लाने की योजना तैयार की गई है। इसके तहत थाना शहर क्षेत्र के विभिन्न 62 चौक-चौराहों तथा सार्वजनिक स्थानों पर लगभग 200 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इन कैमरों की सहायता से जहां शहर में होने वाली आपराधिक गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा सकेगी, वहीं किसी भी वारदात को अंजाम देकर फरार होने वाले अपराधियों को जल्द से जल्द ट्रेस कर गिरफ्तार करने में भी सहायता मिलेगी। पुलिस विभाग द्वारा कैमरे लगाने के लिए विस्तृत मैप तैयार किया गया है, ताकि शहर के प्रत्येक संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्र को कवर किया जा सके। पुलिस अधीक्षक मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि यह सभी सीसीटीवी कैमरे सामाजिक संस्थाओं तथा सामाजिक व्यक्तियों के सहयोग से लगाए जाएंगे। शहर के ऐसे स्थानों को प्राथमिकता दी गई है जहां लोगों की आवाजाही अधिक रहती है तथा आपराधिक घटनाओं की संभावना बनी रहती है। उन्होंने बताया कि कैमरों के माध्यम से शहर को चारों दिशाओं से कवर किया जाएगा, जिससे किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत नजर रखी जा सके। यदि शहर के अंदर कोई आपराधिक वारदात होती है तो या तो वह कैमरों में कैद हो जाएगी अथवा वारदात करके भागने वाले व्यक्तियों की पहचान स्पष्ट रूप से हो सकेगी, जिससे उन्हें शीघ्र गिरफ्तार करने में मदद मिलेगी।



एआई जेनरेटेड

### सुरक्षित वातावरण के लिए पुलिस प्रयासरत



एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने कहा कि कैथल पुलिस जिले के सभी थाना एवं चौकी क्षेत्रों में भी सामाजिक सहयोग से सीसीटीवी कैमरे लगवाने का प्रयास कर रही है। आधुनिक तकनीक के माध्यम से अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने तथा आमजन को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध करवाने के लिए पुलिस लगातार प्रयासरत है।

# पूर्व नायब तहसीलदार की शिकायत पर चार के खिलाफ धोखाधड़ी का केस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

राजस्व विभाग तथा नप रिकार्ड में छेड़छाड़ तथा मिलीभगत कर दूसरे की जमीन अपने नाम करवाने का मामला सामने आया है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने पूर्व नायब तहसीलदार की शिकायत पर चार लोगों के खिलाफ धोखाधडी का मामला दर्ज किया है।

आदमपुर के सब रजिस्ट्रार एवं जीद के पूर्व नायब तहसीलदार अजय ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि दिसंबर 2021 से आठ मार्च 2024 तक वह जींद में नायब तहसीदार रहे हैं। अब उनके संज्ञान में आया है कि कुछ लोगों ने मिलीभगत कर राजस्व विभाग के रिकार्ड तथा नप के रिकार्ड में छेड़छाड़ कर जमीन का अपने नाम करवा लिया है। जो कि धोखाधड़ी है। जैजैवंती निवासी मनदीप, कोथ कलां निवासी रोशनी, गांव खरकड़ी हिसार निवासी सुनील कुमारी, गांव पेटवाड़ निवासी कमलेश ने वसीका नंबर 1308 को 30 मई 2023 को पंजीकरण के लिए आवेदन किया। जिसमें न तो प्रोपर्टी आईडी थी और न ही नो डयूज था। इससे पूर्व मनदीप ने जमीन को खून के रिश्ते में अपने पिता सुरेंद्र के नाम करवा दिया। जिसका इंतकाल भी किया जा चुका था। आरोपित मनदीप ने ऑनलाइन अपायटमेंट लेकर सरकारी पोर्टल जमाबंदी में मालकीयत अपने नाम करवा ली।

## खबर संक्षेप

### फार्म से जेवरात, नकदी मुर्गे-अन्य सामान चोरी

**जींद।** गांव ईगराह में मुर्गी फार्म के कमरे का बीती रात ताला तोड़ कर सोने के जेवरात, तीस हजार रुपये की नगदी, मुर्गे व अन्य सामान को चोरी कर लिया। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। अर्बन एस्टेट निवासी सजीत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका गांव ईगराह के निकट मुर्गी फार्म है। वहीं रहने के लिए कमरे बने हुए हैं। बीती रात चोरों ने कमरे का ताला तोड़ कर सोने के जेवरात, तीस हजार की नकदी, 15 मुर्गे, एलसीडी को चोरी कर लिया।

### नि:शुल्क हृदय जांच शिविर शनिवार को

**जींद।** गोहाना रोड स्थित सैनिक वाटिका में नौ मई शनिवार सुबह नौ बजे सैनिकों और आमजन के लिए निशुल्क हृदय चेकअप एवं मेडिकल शिविर का आयोजन किया जाएगा। अस्पताल की टीम ईसीजी, शुगर टेस्ट, बीपी, लैब टेस्ट एवं अन्य मेडिकल चेक अप की सुविधाएं प्रदान करेगी। ईसीएचएस, सीजीएचएस हरियाणा सरकार के पूर्व-वर्तमान कर्मचारी, आयुष्मान एवं अन्य स्कीमों के लाभार्थियों का हृदय संबंधी और अन्य किसी बिमारी का मुफ्त इलाज किया जाएगा। इसी के साथ पूर्व सैनिक कल्याण संगठन कौर कमेटी की मासिक सभा भी होगी।

### राजकीय कालेज में पुरानी पुस्तकों की प्रदर्शनी 11 से

**जींद।** पठन संस्कृति को बढ़ावा देने एवं ज्ञान के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से संत शिरोमणि श्री सेन भगत राजकीय महाविद्यालय जींद द्वारा 11 मई से पुरानी एवं बहुमूल्य पुस्तकों की प्रदर्शनी व 25 प्रतिशत मूल्य पर बिक्री का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रदर्शनी 11 मई से 18 मई तक गर्ल्स कॉमन रूम पोर्च में सुबह दस बजे से दोपहर तीन बजे तक आयोजित होगी। प्रदर्शनी में साहित्य, इतिहास, विज्ञान, प्रतियोगी परीक्षा सहित विभिन्न विषयों की उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक पुस्तकों का विस्तृत संग्रह आम जनता के अवलोकन एवं क्रय हेतु उपलब्ध रहेगा।

### अलग-अलग मामलो में चोरी के दो आरोपी दबोचे

**जींद।** जिला में अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना सदर नरवाना पुलिस ने चोरी के दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। थाना सदर नरवाना के प्रभारी उप निरीक्षक कमल सिंह ने बताया कि गांव धरौदी निवासी मीना ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके देवर संदीप उर्फ दिपू ने उनके घर से 120 फुट क्रैशर तार, 20 कट्टे सीमेंट व घर का कुछ जरुरी सामान चोरी कर लिया। शिकायत के आधार पर थाना सदर नरवाना में मामला दर्ज किया गया।

### प्लाट से ईंट उठाने के विवाद में तीन घायल

**जींद।** गांव सिरसाखेड़ी में प्लाट से ईंट उठाने के विवाद के चलते हमला कर तीन लोगों को घायल करने पर जुलाना थाना पुलिस ने चार लोगों को नामजद कर दस अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सिरसाखेड़ी निवासी कप्तान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस वह उसका बेटा मनीष, पुत्रवधु किरण प्लाट मे रखी ईंटों को साइड में रख रहे थे। उसी दौरान पड़ोसी संतराम परिवार के लोग वहां पर आ गए। जिन्होंने ईंटो को फैंकना शुरू कर दिया।

### किया जा रहा पांडुलिपि अभिलेखों को संरक्षित

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि सरकार द्वारा ज्ञान भारतम मिशन के तहत प्राचीन ऐतिहासिक धार्मिक एवं किसी भी प्रकार की प्राचीन हस्तलिखित पांडुलिपियों, अभिलेखों को लेकर सर्वे करवाया जा रहा है। इसका उद्देश्य प्राचीन पांडुलिपि विरासत का संरक्षण और दस्तावेजीकरण करना है। आमजन से अपील है कि किसी के पास कोई 75 वर्ष पुरानी हस्तलिखित पांडुलिपि या अभिलेख हो तो उसकी सूचना प्रशासन को दें ताकि उन्हें संरक्षित किया जा सके। डीसी इमरान रजा ने स्पष्ट किया कि जिन व्यक्तियों के पास पांडुलिपियां या अभिलेख हैं वे उन्हीं के पास सुरक्षित रहेंगे।

---

### हेल्प डेस्क पर नियमित तौर पर कर्मचारी किया जाएगा नियुक्त

# नागरिक अस्पताल में आने वालों को नही होगी दिक्कत

## तैनात कर्मी हरसंभव जानकारी देने का काम करेगा

### चिकित्सकों के कमरे के नंबर, अन्य सुविधाओं की जानकारी हेल्प डेस्क पर मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में आने वाले मरीजों व उनके तिमारदारों को उपचार के लिए कोई परेशानी नही होगी। सीएमओ डा. सुमन कोहली द्वारा नई बिल्डिंग के मुख्य गेट पर स्थापित हेल्प डेस्क को मजबूती देने के निर्देश दिए थे। जिस पर वीरवार से काम शुरू हो गया है। हेल्प डेस्क पर नियमित तौर पर कर्मचारी की नियुक्ति की जाएगी। इसके अलावा हेल्प डेस्क की सजावट को लेकर शीट भी लगवाई जा रही है। अस्पताल में उपचार से लेकर चिकित्सकों के कमरों की जानकारी इस हेल्प डेस्क के माध्यम से उपलब्ध होगी। यहां तैनात कर्मी लोगों को हरसंभव जानकारी देने का काम करेगा। नागरिक अस्पताल की नई बिल्डिंग में ओपीडी के लिए पर्ची स्लिप काटी जाती है। जिस पर कमरा नंबर व चिकित्सक का नाम लिखा जाता है। कई बार मरीज व उनके तिमारदारों को कमरों को ढूंढना मुश्किल हो जाता है। क्योंकि नई बिल्डिंग में तीन तल हैं। पहले व दूसरे तल पर ओपीडी होती है और यहां चिकित्सक अलग-अलग कमरों में बैठ कर उपचार करते हैं। जबकि तीसरे तल पर आप्रेशन थिएटर बनाया गया है। ऐसे में मरीजों व उनके तिमारदारों को चिकित्सक कमरों के लिए ज्यादा पूछताछ न करनी पड़े, इसको लेकर हेल्प डेस्क के माध्यम से जानकारी मिलेगी। हालांकि जगह-जगह कमरों की जानकारी लिख दी गई है। प्रथम तल पर कमरों की जानकारी अलग से व दूसरे तल पर कमरों की जानकारी अलग से दर्शाई गई है। नागरिक अस्पताल 200 बैड का: जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल 200 बैड का है। पुरानी बिल्डिंग में जहां इमरजेंसी विंग चलाई जाती है वहीं नई बिल्डिंग में चिकित्सक ओपीडी करते हैं। प्रतिदिन हजारों लोग अस्पताल में उपचार के लिए आते हैं। सबसे ज्यादा परेशानी अनपढ़ व वृद्ध लोगों को होती है। कई बार लोगों को अस्पताल में आने पर यही नही पता चल पाता था कि वो उपचार के लिए कौन से बिल्डिंग में जाएं। इस तरह की कई समस्याएं स्वास्थ्य अधिकारियों के समक्ष पहुंच रही थी। जिस पर संज्ञान लेते हुए अस्पताल के एंट्री गेट पर हेल्प डेस्क स्थापित किया है। हेल्प डेस्क को लेकर शीट लगाई जा रही है। बाकायदा यहां बड़े अक्षरों में नागरिक अस्पताल लिखवाया जाएगा।



**जींद।** नई बिल्डिंग के मुख्य गेट पर तैयार करवाया जा रहा हेल्प डेस्क।

#### मरीजों को उपचार के लिए ज्यादा पूछताछ नहीं करनी पड़ेगी : डा. भोला

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि नई बिल्डिंग के मुख्य गेट पर हेल्प डेस्क स्थापित करवाया जा रहा है। यहां कर्मी की भी नियमित तौर पर ड्यूटी लगेगी जो ओपीडी विंग की जानकारी, चिकित्सक कमरों के नंबर व अन्य कई तरह की जानकारियां उपलब्ध करवाएगा। इससे मरीजों को उपचार के लिए ज्यादा पूछताछ नही करनी पड़ेगी और उन्हें तुरंत उपचार मिलेगा।

---

# कौशल विकास और रोजगार के लिए इंटर्नशिप जरूरी : राजकुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



महात्मा गांधी शिक्षा एवं समाज विकास संगठन द्वारा विद्यार्थियों के लिए इंटर्नशिप कार्यक्रम 2026 के अंतर्गत एक विशेष परामर्श सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का उद्देश्य विद्यार्थियों को इंटर्नशिप के महत्व, करियर अवसरों एवं नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत इंटर्नशिप की अनिवार्यता के बारे में जागरूक करना था। संस्था के अध्यक्ष राजकुमार भोला ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक युग में केवल शैक्षणिक डिग्री ही पर्याप्त नहीं है बल्कि व्यावहारिक ज्ञानए तकनीकी कौशल एवं कार्य अनुभव भी अत्यंत आवश्यक है। बताया कि इंटर्नशिप विद्यार्थियों को वास्तविक कार्य प्रणाली को समझने, आत्मविश्वास बढ़ाने एवं रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त करने में सहायता करती है। भोला ने बताया कि महात्मा गांधी शिक्षा एवं समाज विकास संगठन विद्यार्थियों को ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से इंटर्नशिप करवाता हैए जिससे ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के विद्यार्थी आसानी से जुड़ सकें। संस्था द्वारा विद्यार्थियों को लाइव प्रोजेक्ट्स, व्यावहारिक प्रशिक्षण, विशेषज्ञ मार्गदर्शन एवं प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि संस्था ने हरियाणा के विभिन्न कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों के साथ एमओयू (समझौता ज्ञापन) कर छात्रों को कौशल आधारित एवं रोजगारपरक इंटर्नशिप उपलब्ध करवाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

# छह दिन से लापता कंप्यूटर टीचर का नहीं लगा सुराग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

शहर के सुंदरान मोहल्ला से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुए कंप्यूटर टीचर विवेक बंसल का 6 दिन बाद वीरवार तक भी कोई सुराग न लगने से परिजनों की चिंता बढ गई है। परिजनों व मोहल्ला के लोगों ने इसे लेकर राधा कृष्ण मंदिर से चंदाना गेट तक प्रदर्शन किया। वहीं, परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि स्कूल के प्रिंसिपल और कुछ अन्य स्टाफ उसे बिना वजह परेशान करते थे। इस कारण विवेक बंसल वह मानसिक दबाव में था। टीचर के पिता राकेश बंसल व पार्षद मोहन लाल शर्मा ने बताया कि विवेक बंसल एक गांव के सरकारी स्कूल में कंप्यूटर टीचर है। 2 मई की सुबह रोजाना की तरह घर से स्कूल के लिए निकला था, लेकिन अब तक वापस नहीं लौटा। विवेक पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। परिवार के समझाने पर वह दो-तीन दिन से फिर स्कूल जा रहा था। आरोप लगाया किया विवेक का अपहरण किया गया है। वे पुलिस प्रशासन से मांग करते है कि जल्द ही विवेक बंसल की तलाश की जाए। इस मामले में वे एक दिन पहले एसपी से मिल चुके हैं, लेकिन अभी तक पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई।

### एसडी शिक्षण संस्था के होने वाले चुनाव पर रोक

**जींद।** शहर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था एसडी शिक्षण संस्था के 10 मई को होने वाले चुनाव पर रोक लगा दी है। हरियाणा राज्य सोसायटी रजिस्ट्रार ने जिला रजिस्ट्रार को निर्देश दिए हैं कि वे प्रशासक कम रिटर्निंग अधिकारी को दोबारा चुनाव कार्यक्रम जारी करने और सभी सदस्यों को नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए पर्याप्त समय प्रदान करने के निर्देश दें ताकि वे चुनाव लड़ सकें। एसडी शिक्षण संस्था के प्रधान व अन्य पदों के लिए 10 मई को चुनाव होने थे। संस्था के पूर्व प्रधान श्रीचंद जैन ने एचआरआरएस एक्ट 2012 की धारा 79 के अंतर्गत सात अप्रैल के उस आदेश के विरुद्ध अपील दायर की थी। जो जिला रजिस्ट्रार फर्म्स एवं सोसायटीज द्वारा पारित किया गया था। श्रीचंद जैन की तरफ से अपील दायर होने के बाद पक्षकारों को अपना पक्ष रखने के लिए नोटिस जारी किए गए।

---

### मृदा स्वास्थ्य संरक्षण पर कार्यक्रम

**जींद।** कृषि विज्ञान केंद्र जींद द्वारा गांव कुचराना खुर्द में संतुलित उर्वरक उपयोग एवं मृदा स्वास्थ्य संरक्षण विषय पर जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला विस्तार विशेषज्ञ (मृदा विज्ञान) डा. धीरज पंघाल ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लेकर वैज्ञानिक खेती एवं उर्वरक प्रबंधन संबंधी जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डा. धीरज पंघाल ने कहा कि वर्तमान समय में रासायनिक उर्वरकों का असंतुलित एवं अत्यधिक प्रयोग मिट्टी की उर्वरा शक्ति को प्रभावित कर रहा है, जिससे उत्पादन लागत बढने के साथ.साथ भूमि की गुणवत्ता भी लगातार गिर रही है। उन्होंने किसानों से प्रत्येक फसल सीजन से पहले मिट्टी की जांच करवाने तथा उसकी रिपोर्ट के अनुसार ही उर्वरकों का प्रयोग करने का आह्वान किया।



**जींद।** कार्यक्रम को संबोधित करते डा. पंघाल। फोटो :हरिभूमि



**जींद।** फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में भाग लेते हुए शिक्षक।

### आईसीटी टूल्स के व्यावहारिक पहलु बताए

**जींद।** हिंदू कन्या कालेज के इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सेल (आईक्यूएसी) के तत्वावधान में सात दिवसीय फैकल्टी डेवलप्मेंट प्रोग्राम का शुभारंभ हुआ। यह 12 मई तक आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का विषय प्रैक्टिकल आस्पेक्ट्स ऑफ आईसीटी टूल्स एंड टीचिंग इन करंट सिनेरियो रखा है। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को आईसीटी टूल्स के व्यावहारिक पहलुओं से अवगत करवाना तथा उन्हें आधुनिक शिक्षण पद्धतियों में प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए प्रशिक्षित करना है। कार्यशाला के माध्यम से फैकल्टी मेंबर्स को डिजिटल साधनों का प्रयोग कर शिक्षण को अधिक रोचक, प्रभावी एवं विद्यार्थी केंद्रित बनाने के टूल्स से अवगत करवाया जाएगा। कार्यक्रम के प्रथम दिवस का उद्घाटन महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर की अध्यक्षता में किया गया।

### शिक्षक संघ ने अध्यापकों को सम्मानित किया

**जींद ।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा राजकीय प्राथमिक पाठशाला जींद शहर में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रूपेंद्र गोयत (राज्य वाइस चेयरमैन) एवं राजेश खरब (अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पूर्व सदस्य ने की। जिला प्रधान जितेंद्र बैनीवाल ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों के उत्कृष्ट कार्यों को सम्मानित करना एवं समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करना है। शिक्षक ही राष्ट्र निर्माण की नींव रखते हैं और उनका योगदान अतुलनीय है। समारोह के दौरान निम्नलिखित शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक कार्य, नवाचार एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में विशेष योगदान के लिए सम्मानित किया गया। जिनमें कृष्ण कुमार, अनिल कुमार, सुदेश, दिलावर खान, रणधीर सिंह मौजूद रहे।



**जींद।** अध्यापकों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि



**उचाना।** पुरानी मंडी में हो रहा गेहूं का उठान। फोटो :हरिभूमि

### दो दिन में 1.40 लाख गेहूं के बैगों का उठान

**उचाना।** बीते कुछ दिनों से गेहूं के उठान की रफ्तार तेज हुई है। आढ़तियों द्वारा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री से उचाना मंडी में उठान की रफ्तार धीमी होने की शिकायत की थी। विधायक ने सख्ती दिखाते हुए संबंधित खरीद एजेंसियों को उठान की रफ्तार बढ़ाने के निर्देश दिए थे। बुधवार को 76 हजार गुरूवार को 64 हजार से अधिक बैगों का उठान हुआ। उठान की रफ्तार धीमी होने से किसानों के खातों में पेमेंट आने में देरी हो रही थी। उचाना मंडी में खरीद एजेंसियां का 40 प्रतिशत के आस-पास उठान बाकी है। निरंतर उठान की रफ्तार विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री के सख्त निर्देश के चलते तेज हुई। एसडीएम उचाना द्वारा भी खरीद एजेंसियों की मीटिंग ली थी। मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा ने कहा कि निरंतर विधायक उठान को लेकर हर रोज जानकारी ले रहे है।

---



**जींद।** निरीक्षण करते हुए राजेश वशिष्ठ। फोटो :हरिभूमि

### जिला समन्वयक ने किया स्कूलों का दौरा

**जींद।** एफएलएस 2026 (फाउंडेशनल लिटरेसी स्टडी) के तहत जिले में चल रहे मूल्यांकन कार्य का निरीक्षण जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने किया। उनके साथ डाइट जींद से डा. राजेश सैनी भी मौजूद रहे। दोनों अधिकारियों ने खंड जुलाना के अंतर्गत आने वाले अनूपगढ़ स्कूल और आदर्श स्कूल जुलाना का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मूल्यांकन प्रक्रिया की बारीकियों को समझा और विद्यालयों में चल रहे कार्यों की समीक्षा की। राजेश वशिष्ठ ने बताया कि जिले के चयनित सभी 23 विद्यालयों में एफआई (फील्ड इन्वेस्टिगेटर) द्वारा मूल्यांकन कार्य सही ढंग से किया जा रहा है। प्रत्येक विद्यालय में ऑब्जर्वर भी सक्रिय रूप से निरीक्षण कर रहे हैं ताकि मूल्यांकन की पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके।

# नर्सिंग सेवा, समर्पण और मानवता का प्रतीक

## सुरेंद्र कुमार मेमोरियल महाविद्यालय में नर्सिंग वीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



सुरेंद्र कुमार मेमोरियल कॉलेज ऑफ नर्सिंग में नर्सिंग वीक का द्वितीय दिवस उत्साहपूर्वक मनाया । कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण एवं आधुनिक नर्सिंग की जननी फ्लोरेंस नाइटिंगेल की स्मृति को समर्पित रहा। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा वुमेन इम्पावरमेंट एंड नर्सिंग डे सेलिब्रेशन विषय पर पोस्टर मेकिंग एवं राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम को और अधिक रोचक एवं मनोरंजक बनाने के लिए पास द पार्सल गेम का भी आयोजन किया। जिसमें विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। गतिविधि ने कार्यक्रम में आनंद एवं उत्साह का माहौल बना दिया तथा सभी ने इसका भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के चेयरमैन डा. राधेश्याम शर्मा ने विद्यार्थियों को नर्सिंग वीक के महत्व के बारे में प्रेरित करते कहा कि नर्सिंग सेवा, समर्पण और मानवता का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठावान रहने तथा समाज सेवा के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कॉलेज की सोनू, राजेश सोनिका सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का माहौल उत्साह, रचनात्मकता एवं मनोरंजन से भरपूर रहा तथा विद्यार्थियों ने अपनी कला, लेखन एवं विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नर्सिंग प्रोफेशन के प्रति अपनी भावनाओं को व्यक्त किया।




**जींद।** जन समस्याएं सुनते एसई। फोटो :हरिभूमि

### अधीक्षक अभियंता ने सुनीं बिजली समस्याएं

**जींद।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा बिजली अदालत का आयोजन किया गया। बिजली अदालत में जींद के अधीक्षक अभियंता एमएल सुखीजा ने बिजली की समस्याएं सुनी। बिजली अदालत में लोग बिजली की समस्या लेकर पहुंचे। जिनमें बिजली लाइनों को वोल्टेज समस्याए खराब मीटर की समस्याएं जैसी समस्याएं अधीक्षक अभियंता एमएल सुखीजा के समक्ष रखी गई। इसके बाद बिजली बिलों खराब मीटर को बदलने जैसी समस्याओं को उपमंडल अधिकारी को तुरंत प्रभाव से समाधान करने के निर्देश दिए। इसके अलावा बिजली लाइनों को स्थानांतरण करने और सोलर कनेक्शनों जैसी समस्याओं को भी निश्चित समय अवधी में समाधान करने के निर्देश दिए।

---

## अतिरिक्त उपायुक्त ने समाधान शिविर में सुनीं समस्याएं

# शिकायतों का तय समय सीमा में हो समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में वीरवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त ने आमजन की शिकायतें सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों की तय समय सीमा में जांच पूरी कर उनका समाधान सुनिश्चित किया जाए। शिविर में पेंशन, परिवार पहचान पत्र, बिजली और पुलिस विभाग से जुड़ी शिकायतों की सुनवाई की गई। अतिरिक्त उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को इन मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निपटान करने के निर्देश दिए। शिविर के बाद अतिरिक्त उपायुक्त ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ सीएम विंडो पर लंबित शिकायतों की समीक्षा भी की और सभी लंबित मामलों का शीघ्र निपटान करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में शिकायतकर्ता ने निजी स्कूल द्वारा उसके बच्चे की एसएलसी जारी नहीं किए जाने की शिकायत रखी। वहीं गांव किलाजद्बक्तरगढ़ के ग्रामीणों ने गांव के पुराने बस अड्डे के पास टूटी सड़क की समस्या प्रशासन के सामने रखी। विजय नगर निवासी शक्ति ने गली में सड़क से ऊंचा शिविर बनने के कारण आने-जाने में हो रही परेशानी को लेकर प्रार्थना पत्र दिया। वहीं झांझ कलाड्डु निवासी विमला ने खेतों में बिजली कनेक्शन लगवाने के लिए फरियाद की। इसके अलावा कृष्णा कॉलोनी के निवासियों ने गली में बनाए गए रैंप के कारण हो रही असुविधा को लेकर शिकायत दर्ज करवाई। अतिरिक्त उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों की जांच पूरी कर उनका समाधान सुनिश्चित करें। एडीसी ने लोगों से भी अपील की कि जिला व उपमंडल स्तर पर हर सोमवार-वीरवार को आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में पहुंच कर अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखें ताकि उनका जल्द समाधान किया जा सके। एसडीएम सत्यवान मान, डीआरओ राजकुमार, डीडीपीओ संदीप भारद्वाज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



**जींद।** शिकायतें सुनते अतिरिक्त उपायुक्त। फोटो :हरिभूमि



**जींद।** चुनाव प्रचार करते डा. पुष्पा तायल। फोटो :हरिभूमि

### हरियाणा निकाय चुनाव में खिलेगा कमल : डा. तायल

**जींद।** सोनीपत नगर निगम चुनाव में प्रचार के लिए पहुंची मुख्यमंत्री नायब सैनी की पत्नी सुमन सैनी यहां पहुंचकर उन्होंने एक सम्मेलन को संबोधित किया व आह्वान किया कि सोनीपत के वासी सोनीपत के चहुंमुखी विकाश के लिए नगर निगम में भाजपा की सरकार बनाएं ताकि ट्रिपल इंजन की सरकार यहां का विकाश करवा सके। सोनीपत प्रचार से वापिस जींद लौटी भाजपा नेत्री व जींद जिले के महामंत्री डा. पुष्पा तायल ने बताया कि सोनीपत के अंदर भाजपा की एकतरफा लहर चल रही है व सोनीपत में मेयर प्रत्याशी राजीव जैन की भारी मतों से जीत होगी व सभी छब्बीस वार्डों में कमल का फूल खिलेगा। तायल ने कहा भाजपा के सामने कोई भी पार्टी नहीं है व अन्य पार्टियों के प्रत्याशी जमानत भी नहीं बचा पाएंगे। तायल ने कहा सोनीपत की जनता बहकावे में नहीं आएंगे व विकाश के ऊपर मोहर लगाएंगे। कहा असम व बंगाल की तरह हरियाणा निकाय चुनाव में कमल ही कमल दिखाई देगा अन्य पार्टी नजर नहीं आएगी।

## खबर संक्षेप

### खेतों में छह ट्यूबवेलों की केबल चोरी, केस दर्ज

**कैथल।** ढांड-जडौला में खेतों से चोरों ने एक ही रात में 6 ट्यूबवेलों को निशाना बनाकर तांबे की केबल काट ली। ढांड थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ढांड थाना पुलिस को दी शिकायत में राजपाल ने बताया कि सुबह खेत में पहुंचने पर उसके चार ट्यूबवेलों के कोठों के ताले टूटे मिले। अंदर जाकर देखा तो चारों मोटरों की तांबे की केबल कटी हुई थी। उसके ट्यूबवेल से 6 मीटर, 8 मीटर, 4 मीटर और 7 मीटर लंबी केबल चोरी हुई है।

### 3 किसानों के 195 फीट तार ले गए चोर

**कैथल।** सीवन क्षेत्र में खेतों में लगी मोटरों को चोरों ने निशाना बनाया है। चोर तीन किसानों की मोटरों से करीब 195 फीट बिजली की तार चोरी कर ले गए। शिकायत पर सीवन थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में अमरजीत ने बताया कि सीवन से बाहर जोशन डेरे के पास उसकी चार किले जमीन है। 5 मई की शाम वह खेत से घर लौट आया था। अगली सुबह करीब 8 बजे जब वह खेत में पहुंचा तो मोटर के कमरे का दरवाजा खुला मिला।

### लाठी व गंडासियों से युवक को पीटकर किया घायल

**कैथल।** गांव रामगढ़ पांडवा में 2 हमलावरों ने एक युवक पर गंडासी और लाठियों से हमला कर उसे घायल कर दिया। मारपीट में युवक के सिर पर गंभीर चोटें आई हैं और उसकी बाजू व नाक की हड्डी में फ्रैक्चर आया है। गांव रामगढ़ पांडवा के मनदीप ने कलायत पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सुबह अपने घर से गाड़ी निकालकर किसी काम से बाहर गया था। जब काम निपटाने के बाद वापस घर आया तो घर के पास गली में बिट्टू और लीला बैठे हुए थे।

### बाइक चोरी करने के मामले में 2 काबू

**कैथल।** एंटी नारकोटिक सैल की टीम द्वारा बाइक चोरी करने के मामले में कलायत क्षेत्र से आरोपी गांव लोन जिला जींद निवासी अनीष उर्फ आशु व गांव धरौदी जिला जींद निवासी सागर को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव शिमला निवासी राजिंदर की शिकायत अनुसार 30 अप्रैल को उसके खेत में खड़ी बाइक अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। जिस बारे थाना कलायत में मामला दर्ज कर लिया गया।

## सरकार का कर्मचारियों के हितों की ओर बिल्कुल भी ध्यान नहीं : विजय सिंह

# अग्निशमन कर्मचारियों की हड़ताल जारी

**चीका और सीवन के अग्निशमन कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से धरना-प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की**



**गुहला-चीका।** अग्निशमन विभाग कर्मचारियों की प्रदेशव्यापी हड़ताल के दौरान चीका फायर स्टेशन पर धरना देते कर्मचारी।

### मांगें पूरी न होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। गुहला-चीका**

नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा शाखा एवं हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन द्वारा चल रही हड़ताल गुरुवार को 30वें दिन भी जारी रही। चीका और सीवन के अग्निशमन कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से धरना प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

धरने की अध्यक्षता अग्निशमन कर्मचारी विजय सिंह ने की, जबकि मंच संचालन गुरदीप ने किया। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए विजय सिंह ने कहा कि अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों की हड़ताल को लगभग एक महीना पूरा हो चुका है, लेकिन हरियाणा सरकार अभी तक कर्मचारियों की जायज मांगों को लगातार अनदेखा कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार का कर्मचारियों के हितों की ओर बिल्कुल भी ध्यान नहीं है।

उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने 17 सूत्रीय मांगों को जल्द नहीं माना तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। कर्मचारियों ने बताया कि अग्निशमन विभाग की हड़ताल को 10 मई तक बढ़ा दिया गया है, जबकि नगरपालिका कर्मचारी संघ की हड़ताल 11 मई तक जारी रहेगी। विजय सिंह ने कहा कि विभागीय मंत्री विपुल गोयल ने 9 अप्रैल को कर्मचारियों को एक महीने में सभी मांगों का समाधान करने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक न तो कोई ठोस कार्रवाई हुई और न ही सरकार की ओर से कोई सकारात्मक बयान आया। उन्होंने कहा कि मंत्री भी वादा करके कर्मचारियों को भूल गए हैं।

सभा में वक्ताओं ने कहा कि विभाग में कार्यरत कच्चे कर्मचारियों का पिछले छह वर्षों से वेतन नहीं बढ़ाया गया है। प्रदेश के अलग-अलग जिलों में कर्मचारियों को अलग-अलग वेतन दिया जा रहा है। उन्होंने समान काम के लिए समान वेतन लागू करने, सभी कर्मचारियों का वेतन बढ़ाने तथा पांच हजार रुपये जोखिम भत्ता देने की मांग की।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर जगबीर मान, गुरदीप राम, विजय सिंह, पिरथी राम, धन्नाराम, अशोक कुमार सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### दमकल कर्मचारियों के आंदोलन को कुचलना चाहती हैं हरियाणा सरकार

**कैथल।** हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन द्वारा फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों के समर्थन में कैथल डिपो के रोडवेज वर्कर्स यूनियन के कर्मचारी कार्मिक अनशन पर बैठे। इसकी अध्यक्षता शमशेर सिंह ने और मंच का संचालन कृष्ण गुलियाना ने किया। डिपो प्रधान अमित कुमार कुंडू व राज्य के उप प्रधान विक्रम गुहणा ने कहा और कठोर निर्णय लिया गया कि हरियाणा सरकार अग्निशमन (दमकल) विभाग के कर्मचारियों के साथ जो अन्याय पूर्ण व्यवहार करते हुए हड़ताल को कुचलना चाहती हैं और इसके लिए मुख्य रूप से उदाहरण के तौर पर हरियाणा रोडवेज के चालकों को बुलाने के पश्चात विभाग का कार्य संतोष पूर्ण चलाना चाहती है। हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन किसी भी सूरत में इन कर्मचारियों के साथ होने वाले अन्याय एवं उत्पीड़न को सहन नहीं करेगी। जिला अध्यक्ष ओमपाल भाल, उप प्रधान सुरेश मराठा और वरिष्ठ उप प्रधान अंचित राज द्वारा कठोर निर्णय लेते हुए बताया कि अग्निशमन दमकल विभाग में काम करते हुए सोनीपत में रोडवेज कर्मचारी को पैरों में फ्रेक्चर हुआ है इसका अग्निशमन दमकल विभाग द्वारा इलाज का पूर्ण रूप से वहन किया जाए, दमकल विभाग के कर्मचारियों द्वारा काफी लंबे समय पूर्व में सरकार को चेताते हुए मांग की गई थी कि फरीदाबाद में हुए औद्योगिक क्षेत्र में अग्निकांड के दौरान जो भविचंद शर्मा, रणबीर सिंह दमकल विभाग के दो कर्मचारी शहीद हुए उन कर्मचारियों के आश्रितों को एक-एक करोड रुपए मुआवजा एवं परिवार में पालन पोषण करने के लिए एक-एक सरकारी पक्की नौकरी दी जाए।

**ये रहे मौजूद**

अनूप कुमार, सुनील कुमार, कपिल सांगवान, शिशपाल देवबन, दलबीर देवबन, वीरेन्द्र माजरा, संजीव सजूमा , अंचित राज, रमेश उझाना, हीरा लाल, शमशेर सांगन , अनिल शर्मा मिर्जपुर , ओमप्रकाश, पवन जाखौली , आनन्द कुमार, बलजीत चंदाना, रमेश, सतबीर इत्यादि कार्मिक अनशन पर मौजूद रहे ।


**कैथल।** धरने पर बैठे रोडवेज कर्मचारी फोटो : हरिभूमि

## एआई की तकनीक का ज्ञान छात्रों के लिए जरूरी

- कांग्रेस विधायक की कैथल के विद्यार्थियों के लिए एक ऐतिहासिक पहल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। कैथल**

विधानसभा से युवा कांग्रेस विधायक आदित्य सुरजेवाला ने शिक्षा के क्षेत्र में एक दूरगामी और क्रांतिकारी कदम उठाते हुए कैथल के गांवों व शहरों के सरकारी व निजी स्कूलों में 11वीं और 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए एआई रोबॉट के माध्यम व फ्री एआई टीचिंग कोच के तहत विद्यार्थियों की शिक्षा को बेहतर बनाने की व्यापक मुहिम शुरू कर दी है।


**कैथल।** विधायक आदित्य सुरजेवाला जाट शाइनिंग स्टार स्कूल, कैथल में एआई प्रशिक्षण का शुभारंभ करते हुए। फोटो : हरिभूमि

इस अभियान की शानदार शुरुआत जाट शाइनिंग स्टार स्कूल, कैथल से हुई। जहां विधायक आदित्य सुरजेवाला स्वयं उपस्थित रहे। उन्होंने वहां एआई रोबॉट्स की लांचिंग की और विद्यार्थियों के स्मार्टफोन्स व स्कूल कंप्यूटर्स पर कक्षा 11वीं व 12वीं के पूरे सिलेबस के अनुरूप फ्री एआई एप्लिकेशन इंस्टॉल करवा फ्री टीचिंग कोच भी प्रोवाइड करवाए जाएंगे। यह पहल न केवल तकनीकी रूप से उन्नत है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को भी विश्वस्तरीय शिक्षा सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण योगदान है। विधायक आदित्य सुरजेवाला ने विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम कैथल विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा क्रांति की नींव रख रहे हैं। 21वीं सदी की सबसे बड़ी चुनौती और अवसर दोनों आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस है। मैं चाहता हूं कि कैथल का हर विद्यार्थी, चाहे वह शहर का हो या दूरदराज के गांव का, एआई टूल्स का उपयोग करना सींखे।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर जाट शिक्षण संस्थान प्रधान राजकुमार बेनीवाल बुढ़ाखेडा, उपप्रधान बलजिंद्र बनवाला, सचिव रश्मि ढुल, कोषाध्यक्ष बलकार नैन, दलबीर कैरों, सत्यवान माजरा, रजत रापड़िया, जसबीर मानस, राजपाल गुहना, विक्रम सौंगल, कुलदीप ग्योंग, युवराज संधू, बलविंद्र ढुल, पंकज अत्रि, कैप्टन जयवीर, नरेश सिरटा, दलबीर पुनिया व राजेन्द्र शर्मा बलवंती सहित अन्य साथी मौजूद रहे।

### भाजपा किसान विरोधी पार्टी : सुनील कुंडू

**राजौंद।** कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष सुनील कुंडू ने भारतीय जनता पार्टी पर किसानों की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसानों के हितों की बात करती है, लेकिन जमीनी स्तर पर हालात इसके विपरीत हैं। कुंडू ने बताया कि उन्होंने स्वयं 13 अप्रैल को किठाना अनाज मंडी में अपनी गेहूं की फसल बेची थी, लेकिन करीब 25 दिन बीत जाने के बाद भी उन्हें भुगतान नहीं मिला। उन्होंने कहा कि सरकार दावा करती है कि 72 घंटे के भीतर किसानों के खातों में भुगतान कर दिया जाता है, लेकिन यह दावा पूरी तरह से खोखला साबित हो रहा है। उन्होंने आगे कहा कि किठाना परचेज सेंटर में अभी तक गेहूं का उठान भी नहीं हुआ है।


**सीवन।** स्कूल में प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों के साथ प्रधानाचार्य नरेश ढुल।

### स्कूल परिसर में गूंजा जल संरक्षण का संदेश

**सीवन।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सीवन में जल संरक्षण पखवाड़ा के अंतर्गत बुधवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूक करना और पानी बचाने के लिए प्रेरित करना रहा। विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और जल संरक्षण का संदेश प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेश ढुल ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जल प्रकृति द्वारा मानव जीवन को दिया गया सबसे अनमोल उपहार है। वर्तमान समय में लगातार घटते भूजल स्तर और बढ़ती पानी की समस्या को देखते हुए जल संरक्षण अत्यंत आवश्यक हो गया है। उन्होंने कहा कि यदि आज पानी बचाने की दिशा में गंभीर प्रयास नहीं किए गए तो आने वाली पीढ़ियों को गंभीर संकट का सामना करना पड़ सकता है। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि छोटी-छोटी आदतों में बदलाव करके भी पानी की बड़ी मात्रा को बचाया जा सकता है। उन्होंने घरों, विद्यालयों और सार्वजनिक स्थानों पर पानी का दुरुपयोग रोकने तथा वर्षा जल संचयन को अपनाने का संदेश दिया।

### कछुआ चाल से चल रहा सड़क निर्माण

**राजौंद।** असंध-कैथल मार्ग पर चल रहा सड़क निर्माण कार्य इन दिनों स्थानीय लोगों, दुकानदारों और वाहन चालकों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गया है। निर्माण कार्य की धीमी रफ्तार के चलते लोगों में लगातार रोष बढ़ता जा रहा है। लंबे समय से अधूरा पड़ा यह कार्य अब क्षेत्रवासियों के लिए मुसीबत बन चुका है। जानकारी के अनुसार, करीब एक किलोमीटर लंबे इस सड़क खंड का निर्माण कार्य काफी समय पहले शुरू किया गया था, लेकिन अब तक इसे पूरा नहीं किया जा सका है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे, उखड़ी सतह और निर्माण सामग्री के ढेर पड़े होने के कारण आवागमन बेहद कठिन हो गया है। राहगीरों को जहां पैदल चलने में दिक्कत हो रही है, वहीं वाहन चालकों को भी जाम और दुर्घटना का खतरा बना रहता है। दुकानदारों ने अपनी परेशानी बताते हुए कहा कि निर्माण कार्य के चलते उड़ने वाली धूल ने उनका जीना मुहाल कर दिया है। धूल के कारण ग्राहकों का दुकानों पर रुकना मुश्किल हो गया है, जिससे उनके व्यापार पर सीधा असर पड़ा है। इसके अलावा, सड़क पर अव्यवस्थित तरीके से खड़े वाहनों के कारण दुकानों के सामने रास्ता बाधित रहता है जिससे ग्राहक दुकान तक पहुंच ही नहीं पाते।


असंध-कैथल मार्ग पर चल रहे निर्माण कार्य के कारण खराब हुई सड़क का दृश्य।

### चीका के रविंद्र अरोड़ा उर्फ जंगी बने विजिलेंस के हीरो, किया सम्मानित



**कैथल।** राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, हरियाणा द्वारा अंबाला में आयोजित सम्मान समारोह में भ्रष्टाचार के खिलाफ सक्रिय भूमिका निभाने वाले समाजसेवी रविंद्र अरोड़ा उर्फ जंगी सहित कई अन्य लोगों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उन नागरिकों को सराहा गया, जिन्होंने कठिन परिस्थितियों के बावजूद भ्रष्टाचार के मामलों को उजागर करने में प्रशासन का सहयोग किया। कार्यक्रम के दौरान एसपी पंखुरी कुमार ने रविंद्र अरोड़ा को सम्मानित किया और उनके कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि “तमाम मुश्किलों के बावजूद आप जैसे लोग हमारा साथ देते हैं, इसके लिए हम और विजिलेंस विभाग आपके आभारी हैं।” साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि “यदि भविष्य में किसी को भी कोई परेशानी होती है, तो विभाग 24 घंटे उनके साथ खड़ा रहेगा।” रविंद्र अरोड़ा को दिए गए सम्मान पत्र में उल्लेख किया गया है कि उन्होंने भ्रष्ट लोक सेवकों को रंगे हाथों पकड़वाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और राज्य सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत भ्रष्टाचार मुक्त हरियाणा बनाने में अहम योगदान दिया है। प्रमाण पत्र में यह भी कहा गया है कि उनके प्रयासों ने समाज को नई दिशा देने का कार्य किया है और भविष्य में भी उनसे इसी प्रकार जागरूकता फैलाने की अपेक्षा की गई है। उल्लेखनीय है कि रविंद्र अरोड़ा उर्फ जंगी कैथल जिले के चीका क्षेत्र के निवासी हैं और वे वर्ष 2022 से अब तक कुल 15 रेड करवा चुके हैं, जिनमें 22 भ्रष्ट अधिकारी व कर्मचारी रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़े गए।

## खेल

**टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों और दर्शकों में भारी उत्साह देखने को मिला**

# शहीद भगत सिंह स्पोर्ट्स क्लब ने करवाई क्रिकेट प्रतियोगिता

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। गुहला-चीका**

गांव शादीपुर में शहीद भगत सिंह स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आयोजित पांच दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ हुआ। समापन समारोह पूर्व सरपंच परमजीत सिंह महमूदपुर की अगुवाई में आयोजित किया गया, जिसमें क्षेत्र के गणमान्य लोगों, खेल प्रेमियों और ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों और दर्शकों में भारी उत्साह देखने को मिला।

प्रतियोगिता में क्षेत्र की 32 टीमों ने हिस्सा लिया और शानदार खेल प्रदर्शन से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में अनुशासन, खेल भावना और आपसी भाईचारे का परिचय देते हुए बेहतरीन मुकाबले खेले। हर मैच में खिलाड़ियों के जोश और संघर्ष ने दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि हरजोत सिंह और आयोजकों ने विजेता, उपविजेता तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों और खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान वक्ताओं ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि


**गुहला-चीका।** क्रिकेट टूर्नामेंट में विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित करते मुख्य अतिथि। फोटो : हरिभूमि

खेल युवाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाते हैं तथा उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पूर्व सरपंच परमजीत सिंह महमूदपुर ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर आयोजित होने वाले ऐसे खेल आयोजन युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि खेलों से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि समाज में भाईचारे और एकता की भावना भी मजबूत होती है। उन्होंने क्लब सदस्यों की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करने के लिए इस प्रकार के आयोजन समय-समय पर होते रहने चाहिए।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर मास्टर भूपिंदर सिंह, निछावर सिंह, हरपाल सिंह गिल, प्रीतम सिंह, दविंद्र सिंह, गुरचरण सिंह, सतपाल सिंह सहित क्लब के पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, पंचायत प्रतिनिधि और खेल प्रेमी मौजूद रहे।

मास्टर भूपिंदर सिंह ने बताया कि टूर्नामेंट को सफल बनाने में गांव के युवाओं और ग्रामीणों का विशेष सहयोग रहा। पूरे आयोजन के दौरान खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई थी।

## न्यूज डायरी

### गांव डोहर की गोशाला बनी मिसाल पदाधिकारी खुद करते हैं गोसेवा



**सीवन।** गौशाला संघ कैथल के प्रधान आनंद शर्मा करोड़ा ने गांव डोहर स्थित गौशाला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशाला में गौ माताओं के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया और सेवा कार्यों की सराहना की। निरीक्षण के दौरान गौशाला में साफ-सफाई, हरे चारे, पानी तथा पशुओं की देखभाल की व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई। आनंद शर्मा करोड़ा ने कहा कि गौ सेवा भारतीय संस्कृति की पहचान है और डोहर गौशाला के पदाधिकारी जिस समर्पण के साथ कार्य कर रहे हैं, वह अन्य संस्थाओं के लिए प्रेरणा है। गौशाला प्रधान विनोद कुमार ने बताया कि गौशाला में किसी बाहरी मजदूर से काम नहीं करवाया जाता। सभी पदाधिकारी और सदस्य स्वयं मिलकर गौ सेवा करते हैं। चारा डालने, पानी पिलाने, साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं का कार्य सदस्य अपनी जिम्मेदारी समझकर निभाते हैं। उप-प्रधान मनोज कुमार ने बताया कि गांव के लोगों का गौशाला को लगातार सहयोग मिल रहा है।

### पीओ पकड़ो स्टफ ने 2 मामलों में 2 भगोड़े आरोपी काबू किए



**कैथल।** पीओ पकड़ो स्टॉफ द्वारा अलग-अलग 2 मामले में 2 उद्धघोषित आरोपियों को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पीओ पकड़ो स्टाफ के एसआई सतीश कुमार द्वारा आरोपी सेगा प्लाट चीका निवासी राहुल को गिरफ्तार किया गया। आरोपी पर राजौंद क्षेत्र खेत से ट्रांसफार्मर का सामान चोरी करने का आरोप है। जिस बारे थाना राजौंद में मामला दर्ज है। उक्त मामले में आरोपी न्यायालय से जमानत हासिल करने उपरांत न्यायालय में हाजिर नहीं हुआ। जिसे माननीय न्यायालय द्वारा 10 अप्रैल 2026 को पीओ घोषित किया था। एक अन्य मामले में एएसआई महा सिंह की टीम द्वारा आरोपी अर्जुन नगर कैथल निवासी मनोज कुमार को गिरफ्तार किया गया। आरोपी माननीय न्यायालय द्वारा वर्ष 2021 दौरान चैक बाउंस मामले में 17 अप्रैल 2026 को पी ओ घोषित किया गया था।

### बेलदारों ने चौकीदार कक्ष की जर्जर हालत को लेकर एसई को लिखा पत्र



**कैथल।** कैथल नहर कॉलोनी गेट नंबर-1 स्थित चौकीदार कक्ष की जर्जर हालत को लेकर सिंचाई विभाग के बेलदारों ने विभाग के एसई को पत्र लिखकर जल्द मरम्मत करवाने की मांग उठाई है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि चौकीदार कक्ष में रात के समय जहरीले सांप और अन्य जीव निकलते हैं, जिससे ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों की जान को खतरा बना हुआ है। बेलदार बिट्टू, सोहनू और तरसेम द्वारा लिखे गए पत्र में बताया गया कि चौकीदार कक्ष की ऊंचाई काफी कम है और भवन की हालत भी बेहद खराब हो चुकी है। बारिश के दौरान छत टपकती है, जिससे वहां बैठना और ड्यूटी करना मुश्किल हो जाता है। कर्मचारियों ने कहा कि चौकीदार कक्ष में कई बार सांप निकल चुके हैं। इस संबंध में उन्होंने एक सांप का वीडियो भी पत्र के साथ विभागीय अधिकारियों को भेजा है। कर्मचारियों का कहना है कि उनसे बेलदार के कार्य के बजाय चौकीदारी करवाई जा रही है, जबकि विभागीय नियमों के अनुसार उन्हें संबंधित फील्ड कार्य में लगाया जाना चाहिए। उन्होंने मांग की कि विभाग उनकी ड्यूटी उनकी निर्धारित पोस्ट के अनुसार फील्ड में लगाए। पत्र में कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि चौकीदार कक्ष की हालत के कारण किसी प्रकार की जान-माल की हानि होती है तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों की होगी। कर्मचारियों ने चौकीदार कक्ष की तसल्लीपूर्वक मरम्मत करवाने और सुरक्षित व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

### दया और विनम्रता ही मानवता की असली पहचान : संत छवि रामदास



**सीवन।** दया धर्म का मूल है, पाप मूल अभिमान। तुलसी दया न छोड़िए, जब लग घट में प्राण॥ इस दोहे का भावार्थ समझाते हुए संत छवि रामदास ने कहा कि दया, सेवा और विनम्रता मनुष्य के जीवन के सबसे बड़े गुण हैं। जिस व्यक्ति के भीतर करुणा का भाव होता है, वही सच्चे अर्थों में धर्म के मार्ग पर चलता है। उन्होंने कहा कि अभिमान मनुष्य को पतन की ओर ले जाता है, जबकि विनम्रता उसे समाज में सम्मान दिलाती है। आज के समय में लोगों को एक-दूसरे के दुख को समझने और जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आने की आवश्यकता है। संत छवि रामदास ने कहा कि धन और पद से बड़ा इंसान का व्यवहार होता है। यदि व्यक्ति के मन में सेवा और दया का भाव हो, तो उसका जीवन अपने आप सफल बन जाता है। उन्होंने कहा कि समाज में प्रेम, भाईचारे और मानवता को मजबूत करने के लिए सभी को मिलकर सेवा और परोपकार का मार्ग अपनाना चाहिए। अंत में उन्होंने लोगों से अहंकार त्यागकर प्रेम और सद्भाव के साथ जीवन जीने का आह्वान किया।

### फल्गु तीर्थ के नवीनीकरण कार्य में निम्न स्तर की सामग्री लगाने का आरोप



**पूंडरी।** गांव फरल स्थित ऐतिहासिक फल्गु तीर्थ पर कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड द्वारा कराए जा रहे नवीनीकरण कार्य को लेकर ग्रामीणों में रोष बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने संबंधित ठेकेदार पर कार्य में निम्न स्तर की सामग्री इस्तेमाल करने और निर्माण कार्य में अनियमितताएं बरतने के आरोप लगाए हैं। ग्रामीण महिपाल राणा, मैनपाल राणा, रणधीर फौजी, कप्तान राणा, रणबीर सिंह, कुलदीप राणा व संजीव चौहान ने बताया कि तीर्थ मंदिर के सामने बनाए जा रहे प्लेटफार्म पर लगाए जा रहे लाल पत्थरों का लेवल सही नहीं रखा गया है। इसके अलावा पेड़ों के चारों ओर लगाए जा रहे पत्थरों के नीचे पर्याप्त मात्रा में निर्माण सामग्री का प्रयोग नहीं किया जा रहा। जिससे जल्दी ही ये पत्थर उखड़ जाएंगे। इसके अलावा जो लाल पत्थर लगाया जा रहा है, पहले लगे लाल पत्थर की अपेक्षा उससे लो क्वालिटी का इस्तेमाल किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि कार्य में निम्न स्तर की सामग्री इस्तेमाल की जा रही है, जिससे निर्माण की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने कहा कि कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड द्वारा फल्गु तीर्थ के नवीनीकरण के लिए करीब 1 करोड़ 80 लाख रुपये के टेंडर जारी किए गए हैं, लेकिन इसके बावजूद निर्माण कार्य में लापरवाही बरती जा रही है। उनका कहना है कि ठेकेदार केवल लीपापोती कर कार्य पूरा कर देगा, जिसका खामियाजा भविष्य में ग्रामीणों और श्रद्धालुओं को भुगतना पड़ेगा। ग्रामीणों ने प्रशासन और कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड से मांग की कि कार्य की उच्च स्तरीय जांच करवाई जाए और निर्माण में गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि फल्गु तीर्थ एक प्राचीन धार्मिक धरोहर है, इसलिए यहां पर होने वाले कार्य में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जानी चाहिए।

## सार्वजनिक सूचना

सभी संबंधित पक्षों को सूचित किया जाता है कि हरियाणा के कैथल में पुराने बस स्टैंड के सामने स्थित शाह अस्पताल, लागू कानूनों और अभिलेख संरक्षण नीतियों के अनुसार पुराने रोगी अभिलेखों को नष्ट करने की प्रक्रिया शुरू कर रहा है।

- **अभिलेखों के प्रकार:** ओपीडी फाइलें, आईपीडी फाइलें, निदान रिपोर्ट, बिलिंग रिकॉर्ड आदि।
- **अवधि:** 30 अप्रैल 2021 से पहले के अभिलेख।
- **अभिलेखों को नष्ट करने की प्रस्तावित तिथि** : 8 जून 2026

यदि कोई रोगी या उनका अधिकृत प्रतिनिधि अपने चिकित्सा अभिलेखों की प्रतियां प्राप्त करना चाहता है, तो उनसे अनुरोध है कि वे इस सूचना की तिथि (08.05.2026) से 30 दिनों के भीतर अस्पताल से संपर्क करें।

**Sd/- Dr. M.S. Shah, Director**
**Shah Hospital, Kaithal, Haryana**

## खबर संक्षेप

### सेरधा में गहराया पानी संकट, ग्रामीण परेशान

**राजौंद।** गांव सेरधा में पेयजल की समस्या दिन-ब-दिन गंभीर होती जा रही है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर गर्मी के मौसम में हालात और भी खराब हो गए हैं तथा पीने के पानी का संकट गहरा गया है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में पानी की सप्लाई नहीं पहुंच पाती, जिसके कारण वहां रहने वाले लोगों को सबसे अधिक दिक्कत उठानी पड़ रही है। उन्होंने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित विभाग के कर्मचारियों को अवगत कराया जा चुका है लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है। ग्रामीणों के अनुसार, गांव में जो जलापूर्ति व्यवस्था की गई है, वह पर्याप्त नहीं है।

### सीवन में बंद मकान का ताला तोड़ नकदी चुराई

**कैथल।** सीवन कस्बे में बंद पड़े मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर नकदी और कीमती सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में चरण कौर पत्नी फुम्मण सिंह ने बताया कि उनका मकान सोसायटी बैंक के पीछे वाली गली में है। वह पिछले करीब 20 दिनों से अपने बेटे गुरमीत के घर रह रही थीं, जिस कारण मकान बंद पड़ा था। दो दिन पहले अज्ञात ने घर के बाहर बेड़े में लगी पानी की टोटियां उखाड़कर ले गए थे। इसके बाद 5 मई की रात चोर दोबारा आए और मकान का ताला तोड़कर अंदर घुस गए।

## महाविद्यालयों में लगाए गए हेल्प डेस्क

# यूजी कोर्स में दाखिले के लिए पोर्टल पर संभावित शेड्यूल किया जारी

- पहले दिन नहीं चली साइट, छात्रों को हुई परेशानी
- जिलेभर के 17 राजकीय व निजी कालेजों में लगभग साढ़े 10 हजार सीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद


जींद। महाविद्यालय में कंप्यूटर सेल के शुभारंभ पर मौजूद प्राध्यापक व प्राचार्य सत्यवान मलिक। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड व सीबीएसई द्वारा 12वीं कक्षा का परिणाम अभी तक जारी नहीं किया गया है। इससे पहले ही उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा कालेजों में यूजी कोर्स में दाखिले को लेकर पोर्टल पर संभावित शेड्यूल जारी किया है। पोर्टल पर जारी संभावित शेड्यूल के अनुसार यूजी कोर्स में दाखिले के लिए सात मई से आनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसके लिए कालेजों में हेल्प डेस्क भी लगाए हैं। जहां विद्यार्थियों ने आनलाइन आवेदन के दौरान दस्तावेजों के बारे में जानकारी हासिल की।

वहीं पहले दिन वीरवार को साइट भी नहीं चली है। जिलेभर के 17 राजकीय व निजी कालेजों में लगभग साढ़े 10 हजार सीट हैं। इसमें से शहर के राजकीय पीजी कालेज और राजकीय महिला कालेज विद्यार्थियों की पहली पसंद रहते हैं। आवेदन 31 मई तक होंगे। वहीं विद्यार्थी आवेदन में संशोधन के लिए एक जून तक अप्लाई कर सकते हैं। दस्तावेजों की जांच नौ मई से छह जून तक होगी। वहीं पहली मेरिट लिस्ट 11 जून को जारी होगी। पहली मेरिट लिस्ट में स्थान पाने वाले विद्यार्थी 12 से 15 जून तक फीस जमा करवा सकते हैं। इसके बाद दूसरी मेरिट लिस्ट 17 जून को जारी होगी। दूसरी मेरिट लिस्ट में स्थान पाने वाले विद्यार्थी 18 जून से लेकर 22 जून तक फीस जमा करवा पाएंगे। इसके बाद खाली सीटों पर पिपफजिकल काउंसिलिंग 24 जून से शुरू होगी। राजकीय पीजी कालेज ने नई शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थियों के लिए सिंगल मेजर कोर्स कैमिस्ट्री, फिजिक्स व कंप्यूटर साइंस और पीजी कोर्स में एमएससी कंप्यूटर साइंस की मांग उच्चतर शिक्षा विभाग के पास भेजी है। इसके अलावा राजकीय महिला कालेज की ओर से कैमिस्ट्री और कंप्यूटर साइंस सिंगल मेजर कोर्स शुरू करने की डिमांड उच्चतर शिक्षा विभाग के पास भेजी है। 7 जे 9 महाविद्यालय में कंप्यूटर सेल के शुभारंभ पर मौजूद प्राध्यापक व प्राचार्य सत्यवान मलिक।

### राजकीय कालेज जींद, नरवाना, सफीदों में बीएससी लाइफ साइंस में 20 सीटों की वृद्धि

कालेजों द्वारा इस सत्र में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत नए कोर्स शुरू करने के लिए मांग उच्चतर शिक्षा विभाग के पास भेजी थी। उच्चतर शिक्षा विभाग की ओर से शहर के राजकीय पीजी कालेज में बीएससी सिंगल मेजर इन फिजिक्स में 40 सीट, बीएससी सिंगल मेजर इन कैमिस्ट्री में 40 सीट सीट नए सत्र के लिए अलॉट की है। इसके अलावा राजकीय कालेज नरवाना में पीजीडीएस में 40 सीट और एमएससी ज्योग्राफी में 40 सीट अलाट की है। इसके अलावा राजकीय कालेज अलेवा, राजकीय कालेज जुलाना, राजकीय महिला कालेज सफीदों में फिजिकल एजुकेशन का विषय शुरू किया है।

### राजकीय कालेजों में सीटों की जानकारी

राजकीय पीजी कालेज में बीए संकाय में 600, बीएससी फिजिकल साइंस में 300, बीएससी लाइफ साइंस में 150, बीकाम में 220, बीए इंग्लिश में 40, बीए ज्योग्राफी में 40, बीए हिस्ट्री में 40, बीसीए में 120 और बीबीए में 40 सीट हैं। वहीं राजकीय महिला कालेज में बीए में 400, बीए इंग्लिश में 40, बीए ज्योग्राफी में 40, बीकाम में 240, बीसीए में 60, बीएससी फिजिकल साइंस में 160 और बीएससी फिजिक्स में 30 सीट हैं।

### दाखिले के लिए कंप्यूटर सेल का संचालन शुरू

संत शिरोमणि श्री सेन भगत राजकीय महाविद्यालय में उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा के निर्देशानुसार विद्यार्थियों की सुविधा हेतु कंप्यूटर सेल का संचालन गुरुवार से प्रारंभ कर दिया गया है। महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मलिक के मार्गदर्शन में स्थापित यह सेल विद्यार्थियों को ऑनलाइन एडमिशन, रजिस्ट्रेशन तथा अन्य डिजिटल कार्यों में निशुल्क सहायता प्रदान करेगा। महाविद्यालय की लाइब्रेरी स्थित गर्ल्स रीडिंग रूम में संचालित यह कंप्यूटर सेल प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से दोपहर तीन बजे तक कार्य करेगा। इस दौरान विद्यार्थियों को ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित सभी आवश्यक सुविधाएं एवं तकनीकी सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी। कंप्यूटर सेल की इंचार्ज पुष्पा रानी, नोडल अधिकारी सुमन तथा सदस्य सचिव पूनम के नेतृत्व में महाविद्यालय का स्टाफ विद्यार्थियों को प्रवेश प्रक्रिया, ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एवं अन्य डिजिटल कार्यों में सहयोग प्रदान करेगा। महाविद्यालय प्रशासन ने सभी विद्यार्थियों से अपील की है कि वे समय पर अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एवं प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करें तथा उपलब्ध सुविधाओं का अधिकतम लाभ उठाएं।

## न्यूज डायरी



### सांसद नवीन जिंदल के प्रयासों से क्षेत्र में खेल सुविधाओं को मिल रही नई पहचान : गोलन

**पूंडरी।** सांसद नवीन जिंदल के प्रयासों से क्षेत्र में खेल सुविधाओं के विस्तार और खिलाड़ियों को बेहतर संसाधन उपलब्ध करवाने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को सांसद नवीन जिंदल की टीम द्वारा इंडोर आउटडोर स्टेडियम पूंडरी, हाकी स्टेडियम हाबड़ी तथा राजीव गांधी स्टेडियम भाना का निरीक्षण किया गया। सांसद नवीन जिंदल हमेशा खेलों और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के पक्षधर रहे हैं। उनके प्रयासों से क्षेत्र के स्टेडियमों और खेल मैदानों में सुविधाओं को मजबूत करने का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, जरूरत केवल उन्हें सही मंच और बेहतर सुविधाएं देने की है। उन्होंने कहा कि खेल गतिविधियों को बढ़ावा मिलने से युवाओं में सकारात्मक सोच विकसित होती है और वे नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहते हैं। खेलों के माध्यम से युवा अनुशासन, मेहनत और टीम भावना सीखते हैं, जो उनके भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। निरीक्षण के दौरान टीम ने स्टेडियमों में खिलाड़ियों को उपलब्ध सुविधाओं, मैदानों की स्थिति और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा आवश्यक सुझाव भी दिए। इस अवसर पर गुरमीत कोच, हल्का प्रभारी अरविंद गोलन करमवीर कोच, मिलन, मुनीष शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



### सैनी धर्मशाला में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया

**पूंडरी।** पूंडरी के वार्ड नंबर 12 स्थित सैनी धर्मशाला में बुधवार को नवीन जिंदल फाउंडेशन की ओर से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। सांसद नवीन जिंदल के जनसेवा संकल्प के तहत पहुंची मेडिकल वैन में लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। डॉ. बलिंद्र सिंह के नेतृत्व में मेडिकल टीम ने कुल 50 लोगों की जांच की। इनमें 42 मरीजों की ओपीडी कर मौके पर ही निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं, जबकि 8 लोगों के लैब टेस्ट भी किए गए। इस अवसर पर भाजपा जिला सचिव निधि मोहन व हल्का प्रभारी अरविंद गोलन ने कहा कि सांसद नवीन जिंदल क्षेत्र के समग्र विकास के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ब्यूटी पार्लर और सिलाई प्रशिक्षण केंद्र चलाए जा रहे हैं, वहीं युवाओं के लिए इंटरनेशनल स्किल सेंटर स्थापित किए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत-2047 के विजन को आगे बढ़ाते हुए सांसद नवीन जिंदल ने कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र को वर्ष 2035 तक शिक्षा, स्वास्थ्य, विकास और रोजगार के क्षेत्र में अग्रणी बनाने का लक्ष्य रखा है। सांसद के मार्गदर्शन में चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लगातार आमजन तक पहुंच रहा है, जिससे लोगों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आ रहा है।




### 4700 का तेल भरवाकर चालक हुआ फरार

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र में पेट्रोल पंपों पर तेल भरवा कर फरार होने की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। ताजा मामले में एक क्रेटा गाड़ी चालक पेट्रोल पंप कर्मियों को चकमा देकर करीब 4700 का तेल भरवाने के बाद मौके से फरार हो गया। घटना के बाद पेट्रोल पंप कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। जुलाना के रोहतक मार्ग पर स्थित महादेव फिलिंग स्टेशन के सैल्समैन सुरेंद्र ने बताया कि दोपहर के समय एक क्रेटा कार चालक गाड़ी लेकर पंप पर पहुंचा। कार चालक ने गाड़ी में 4700 रुपये का तेल डलवाया। तेल भरने के बाद चालक ने भुगतान करने की बात कही लेकिन मौका मिलते ही तेज रफ्तार से गाड़ी लेकर फरार हो गया। कर्मचारियों ने उसे रोकने का प्रयास किया लेकिन वह हाथ नहीं आया।



### वर्ल्ड हाइजिन हैंड डे पर नागरिक अस्पताल में हुआ कार्यक्रम

**जींद।** जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में सीएमओ डा. सुमन कोहली की अध्यक्षता में विश्व हाइजिन हैंड डे के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य कर्मियों, डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और आम नागरिकों को हाथ की सफाई की महत्ता से अवगत कराना था। कार्यक्रम में नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने विस्तार से बताया कि हाथों की सफाई स्वास्थ्य सुरक्षा की सबसे सरलए सस्ती और प्रभावी विधि है। डिप्टी एमएस ने कहा कि हाथ धोने की आदत अपना कर हम कई संक्रामक रोगों जैसे डायरिया, टाइफाइड, हेपेटाइटिस, इन्फ्लूएंजा जैसी महामारियों से बच सकते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार संक्रमण फैलने का 50 प्रतिशत से अधिक हिस्सा हाथों से फैलने वाले जीवाणुओं के कारण होता है।


जींद। ग्रामीणों को मौसमी बीमारियों को लेकर जागरूक करते हुए स्वास्थ्यकर्मी।

### स्वास्थ्य विभाग कर्मियों ने किया रैपिड फीवर मास सर्वे

**जींद।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामराय के तहत गांव गुलकनी में बदलते मौसम और मच्छरजनित बीमारियों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने रैपिड फीवर मास सर्वे अभियान चलाया। इस अभियान का नेतृत्व स्वास्थ्य सुपरवाइजर जगदीश सैनी ने किया। स्वास्थ्यकर्मियों ने पूरे गांव में घर-घर जाकर लोगों को मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक किया। अभियान के तहत टीम ने गांव के प्रत्येक मोहल्ले, गली और घर तक पहुंच बनाते हुए बुखार से पीड़ित व्यक्तियों की पहचान की। जिन लोगों में बुखार के लक्षण पाए गए उनके रक्त नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए ताकि मलेरिया जैसी गंभीर बीमारियों का समय रहते पता लगाया जा सके। स्वास्थ्य विभाग की इस सक्रियता से गांव में स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर एक सकारात्मक माहौल देखने को मिला। स्वास्थ्य सुपरवाइजर जगदीश सैनी ने बताया कि इस प्रकार के सर्वे का मुख्य उद्देश्य केवल बीमारी की पहचान करना ही नही बल्कि लोगों को जागरूक कर उन्हें स्वयं भी सतर्क बनाना है। उन्होंने कहा कि डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियां छोटी लापरवाही के कारण तेजी से फैलती हैं। इसलिए समय रहते सावधानी बरतना अत्यंत आवश्यक है।

### हर घर पहुंचेगा साफ व स्वच्छ पानी, एस्टीमेट तैयार


जींद। मीटिंग में मौजूद विभाग के अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

**जींद।** जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने घरों तक पेयजल कनेक्शन पहुंचाने के लिए प्रयास तेज कर दिए हैं। इसके लिए गुरूवार को जींद और अलेवा के सरपंचों और ग्रामीण सचिवों को प्रशिक्षण दिया गया और पेयजल आपूर्ति से संबंधित बनाई गई रखरखाव व प्रबंधन की नई नीति को सभी सरपंच व पंचायत सचिव को अवगत करवाया गया। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन के जिला सलाहकार रणधीर मताना ने डीआरडीए हाल में ब्लाक जींद व अलेवा के सरपंच व ग्राम सचिव के एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि पेयजल आपूर्ति की नई प्रबंधन व रखरखाव नीति के तहत सभी गांव में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। ग्राम सभा की सहमति पर ही ग्राम पंचायत, ग्राम जल एवं सीवरेज समिति व विभाग के द्वारा इस नीति के लिए तैयार किये गये सांझा घोषणा पत्र पर तीनों पक्षों के साइन होंगे।

## अंतराष्ट्रीय नेतृत्व शिखर सम्मेलन में चमकी जींद की बेटी डॉ. गुंजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद


जींद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए डा. गुंजन गोयल।

जींद की बेटी शिक्षाविद् डा. गुंजन गोयल ने दक्षिण एशियाई विश्वविद्यालय नई दिल्ली में आयोजित अंतरराष्ट्रीय नेतृत्व शिखर सम्मेलन में सहभागिता की। डॉ. गुंजन गोयल स्व. अंजना मित्तल एवं दीनदयाल मित्तल की पुत्री हैं। इस अवसर पर मुख्यअतिथि के रूप में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन जयराम गडकरी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सकारात्मक सोच और दूरदृष्टि किसी भी कार्य की सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक है। डा. गुंजन गोयल को अब तक शिक्षा एवं सामाजिक कार्य के क्षेत्र में 500 से अधिक पुरस्कार एवं सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। वह नारायणी वेलफेयर सोसायटी की संस्थापक एवं अध्यक्षा हैं तथा बच्चों की शिक्षा और महिलाओं के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। डा. गुंजन गोयल ने अपने वक्तव्य में कहा कि आज वह जो कुछ भी हैं, वह अपने माता-पिता द्वारा दिए गए संस्कारों का परिणाम है और वह अपनी सफलता का संपूर्ण श्रेय अपने माता-पिता को देती हैं।

## फाइन आर्ट्स विभाग को पुनः संचालित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद


जींद। मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए छात्र। फोटो : हरिभूमि

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में बंद पड़े फाइन आट्र्स विभाग को पुनः संचालित करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। एबीवीपी विश्वविद्यालय इकाई अध्यक्ष सतविंदर ढिल्लो ने कहा कि विश्वविद्यालय में बैचलर ऑफ फाइन आट्र्स पाठ्यक्रम लंबे समय से बंद पड़ा हुआ है। जिसके कारण कला एवं रचनात्मक क्षेत्र में आगे बढने की इच्छा रखने वाले अनेक विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। प्रदेश के अनेक विद्यार्थी इस पाठ्यक्रम के माध्यम से अपनी प्रतिभा को निखारना चाहते हैं लेकिन विभाग बंद होने के कारण उन्हें दूसरे शहरों एवं निजी संस्थानों की ओर रुख करना पड़ रहा है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को विशेष कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। प्रशासन द्वारा विभाग को पुनः शुरू करने के संबंध में अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। विद्यार्थियों में इस विषय को लेकर लगातार असंतोष बढ़ रहा है। एबीवीपी ने स्पष्ट किया कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नही बल्कि विद्यार्थियों की प्रतिभा को विकसित करना और उन्हें बेहतर अवसर उपलब्ध कराना भी है। फाइन आट्र्स जैसा विषय केवल शिक्षा तक सीमित नही है बल्कि यह विद्यार्थियों की रचनात्मकता, संस्कृति और कला के संरक्षण से भी जुड़ा हुआ है।

### मार्क्स पारदर्शिता की मांग

वर्तमान समय में अनेक विद्यार्थियों को अपने इंटरनल मार्क्स की जानकारी परीक्षा परिणाम आने के बाद ही मिलती है। जिसके कारण यदि किसी प्रकार की त्रुटि या समस्या होती है तो विद्यार्थी समय पर उसका समाधान नहीं करवा पाते। इससे विद्यार्थियों में असमंजस और असंतोष की स्थिति उत्पन्न होती है। परिषद ने मांग की कि प्रत्येक विभाग द्वारा इंटरनल असेसमेंटए प्रेजेंटेशनए असाइनमेंट एवं अटेंडेंस के आधार पर दिए गए अंक विभागीय नोटिस बोर्ड तथा ऑनलाइन पोर्टल पर समय से प्रदर्शित किए जाएं।



डीसी अपराजिता चंडीगढ़ में स्टंबल लैब बारे जानकारी देते हुए

### डीसी ने मंत्री की मौजूदगी में शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों को बताई स्टंबल लैब प्रोजेक्ट की बारीकियां

**कैथल।** हरियाणा सचिवालय चंडीगढ़ में बुधवार को स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें कैथल जिले की अभिनव शैक्षणिक पहल स्टंबल लैब को बेस्ट प्रैक्टिस मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया गया, जिसकी सभी अधिकारियों ने सराहना की। शिक्षा मंत्री एवं शिक्षा विभाग ने प्रदेश के अन्य जिलों को भी इस मॉडल को अपनाने और लागू करने के लिए प्रोत्साहित किया, ताकि विद्यार्थियों के सीखने के स्तर में सुधार लाया जा सके। इस बैठक में माध्यमिक शिक्षा विभाग के निदेशक जितेंद्र दहिया, कैथल डीसी अपराजिता, स्टेट प्रोजेक्ट निदेशक हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना वर्षा खंगवाल, संयुक्त निदेशक हरप्रीत कौर, डा. मयंक वर्मा, सीएमजीजीए दिव्यता, जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष कुमार, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी प्रमोद राणा, सुशील कुमार, छतरपाल, नरेश कुमार, निर्मल सिंह, राममेहर और संदीप शर्मा सहित प्रदेश के जिला शिक्षा अधिकारियों ने भाग लिया। बता दें कि स्टम्बल लैब पहल की संकल्पना डीसी अपराजिता द्वारा की गई थी, जिसका शुभारंभ हाल ही में शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पूंडरी में किया था।

### चोरी करने के मामले में 2 आरोपी गिरफ्तार



**कैथल।** थाना पुंडरी क्षेत्र में एक प्लॉट से सामान चोरी करने के मामले की जांच चौकी पुंडरी पुलिस के एचसी संजय कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी फतेहपुर निवासी अमन व सोनू को काबु कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि फतेहपुर निवासी राजू की शिकायत अनुसार 30 अप्रैल की रात को अज्ञात व्यक्ति उसके प्लॉट से 2 सरसों के कट्टे, पानी की मोटर व अन्य सामान चोरी कर ले गए। जिस बारे थाना पूंडरी में मामला दर्ज कर लिया गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

### आरटीए की टीम दो स्कूल बसों पर 45 हजार 800 रुपये का लगाया जुर्माना

## समय पूरा होने के बाद भी सड़कों पर दौड़ रहीं स्कूल बसें इम्पाउंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। आरटीए अधिकारियों द्वारा जांच के लिए रोकी गई बस।

आरटीए विभाग की टीम ने समय अवधि पूरी होने के बावजूद सड़कों पर दौड़ रही दो स्कूली बसों पर कार्रवाई करते हुए 45 हजार 800 रुपये का जुर्माना लगाया। कार्रवाई के दौरान दोनों बसों को इंपाउंड भी कर दिया गया। वहीं छात्र व छात्राओं के रियायती पास मानने से इनकार करने वाली दो निजी बसों से भी 12 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया है।

आरटीए की टीम का निजी बसों और स्कूली बसों को लेकर लगातार अभियान चला रही है। टीम ने नरवाना क्षेत्र में अभियान चला कर स्कूली और निजी बसों की जांच की। जांच के दौरान गुरुकुल खरल और खनौरी के दी रूट पब्लिक स्कूल की बस निर्धारित समय अवधि पूरी होने के बावजूद सड़कों पर दौड़ती मिली। अधिकारियों ने दोनों बसों के दस्तावेजों की जांच की तो परमिट और फिटनेस अवधि समाप्त पाई गई। इस पर विभाग ने दोनों बसों को मौके पर ही इम्पाउंड कर दिया। टीम ने गुरुकुल खरल की बस पर 13800 रुपये और खनौरी स्कूल की बस पर 32 हजार रुपये जुर्माना लगाया। अभियान के दौरान टीम ने बसों में सुरक्षा व्यवस्थाओं की भी जांच की। अधिकारियों ने सीसी टीवी कैमरे, फायर सेफ्टी सिलिंडर, फस्र्ट एड बॉक्स और इमरजेंसी गेट की स्थिति देखी। इसके अलावा बस चालकों और परिचालकों के लाइसेंस तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज भी जांचे गए। कई बस संचालकों को सुरक्षा मानकों का पूरी तरह पालन करने के निर्देश दिए गए। जांच के दौरान नरवाना से कैथल और नारनौंद चलने वाली दो निजी बसों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। शिकायत मिली थी कि निजी बस संचालक छात्र व छात्राओं के रियायती पास स्वीकार नहीं कर रहे हैं और उनसे पूरा किराया वसूला जा रहा है। टीम ने जांच में शिकायत सही पाए जाने पर कैथल रूट की बस पर साढ़े सात हजार और नारनौंद रूट की बस पर साढ़े चार हजार रुपये जुर्माना लगाया।

### नियम तोड़ने वाले वाहन नहीं बचेंगे

आरटीए कार्यालय निरीक्षक बलजीत सिंह ने बताया कि बिना फिटनेस, परमिट या सुरक्षा मानकों के विपरीत चलने वाले वाहनों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। यात्रियों और स्कूली बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

### 16 कट्टे गेहूं चोरी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** आढ़त की दुकान से गेहूं के कट्टे चोरी करने के मामले में एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टॉफ प्रभारी एसआई मुकेश कुमार की अगुवाई में एएसआई लखविंद्र सिंह की टीम द्वारा आरोपी वार्ड नं 3 चीका निवासी दर्शन को काबु कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की गांव पड़ता थेह मुकेरिया निवासी गुरविंद्र सिंह की शिकायत अनुसार उसकी गांव कांगथली में आढ़ती की दुकान हैं। 30 अप्रैल की सुबह दुकान पर जाकर देखा तो पाया कि 16 कट्टे गेहूं के अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गए। जिस बारे थाना सीवन में मामला दर्ज कर लिया गया। आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा 6 कट्टे गेहूं तथा वारदात में प्रयुक्त गाड़ी बरामद की गई है।